लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........दैनिक जागरण........
दिनांक 7.12.2019........ पृष्ठ सं......21........ कॉलम.....1-5......


# कानपुर की टीम ने एचएयू से जीता क्रिकेट मैच

## मेरठ और दिल्ली में खेले गए मैच में दिल्ली 9 विकेट से जीता

**जागरण संवाददाता, हिसार:** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित अंतरविश्वविद्यालयी महिला क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को कानपुर के छत्रपति साहू जी महाराज विवि और एचएयू के बीच गिरी सेंटर में मुकाबला हुआ, जिसमें एचएयू ने पहले टॉस जीतते हुए गेंदबाजी को चुना, जिसमें कानपुर की टीम ने 20 ओवर में 66 का स्कोर बनाया। इसका पीछा करने के लिए मैदान में उतरी एचएयू महज 49 रनों पर ही सिमट गई। इस खेल में कानपुर की आराधना ने छह विकेट लेकर इस मैच को कानपुर की टीम के नाम किया।

अंतरविश्वविद्यालयी महिला क्रिकेट टूर्नामेंट में दूसरे मैच मेरठ व दिल्ली के बीच हुआ। जिसमें मेरठ की टीम ने सबसे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

उन्होंने दिल्ली को 70 रनों का टारगेट दिया। इसका पीछा करने के लिए उतरी दिल्ली की टीम ने अपना एक विकेट गंवा कर 71 रन बना दिए। इस मैच को दिल्ली की टीम ने 9 विकेट से जीत लिया। खास बात है कि दिल्ली की टीम के बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया तो गेंदबाजों ने भी मेरठ की टीम को अच्छी टक्कर दी।



गिरी सेंटर में नोर्थ जोन अंतरविश्वविद्यालय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में चौधरी चरण सिंह हरियाणा एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय हिसार व छत्रपति साहु जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर की टीम के मैच में शॉट लगाती कानपुर की खिलाड़ी आराधना सिंह। • विज्ञप्ति



प्रतियोगिता के दौरान चौधरी चरण सिंह हरियाणा एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय हिसार व छत्रपति साहु जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर की टीम से मिलतीं मुख्य अतिथि होम साइंस कालेज की डीन बिमला ढांडा व साथ में मौजूद बीना यादव, कोच सुशील कुमार व कोच बलजीत गिरधर। • जागरण

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....अमर उजाला....
दिनांक 7.12.2019 पृष्ठ सं. 6 कॉलम 3-6

# डीयू ने सीसीएसयू मेरठ व सीएसजेएमयू कानपुर ने एचएयू हिसार को दी मात

## एचएयू में चल रही अंतर विश्वविद्यालय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में खेले गए दो मैच

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में चल रही उत्तर क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को दो मैच खेले गए। पहले मैच में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) कानपुर ने मेजबान एचएयू को 20 रनों से हराया। वहीं दूसरे मैच में दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय (सीसीएसयू) मेरठ को 9 विकेट से मात दी।



कानपुर व हिसार टीम के बीच मुकाबले में बोलिंग करती कानपुर की खिलाड़ी।

### 70 रन पर सिमटी मेरठ

मेरठ व दिल्ली के बीच खेले गए मैच में मेरठ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। इस दौरान दिल्ली के गेंदबाजों ने बढ़िया गेंदबाजी का प्रदर्शन किया और मेरठ की पूरी टीम को 19.4 ओवर में 70 रन पर ऑल आउट कर दिया। मेरठ की तरफ से बल्लेबाज रिया ने सर्वाधिक 38 रन बनाए। वहीं दिल्ली की गेंदबाज पूजा सिंह ने सबसे ज्यादा पांच विकेट लिए।

इसके अलावा शीतल, कीर्ति व रीतू ने एक-एक विकेट लिया। जवाब में उतरी दिल्ली की टीम ने सधी हुई शुरुआत की। टीम की सलामी जोड़ी ने 27 रनों की साझेदारी की। छठे ओवर की पांचवीं गेंद पर गेंदबाज आक्षी ने अमीषा को आउट कर इसे साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद नीतिका व तान्या ने डटकर मेरठ के गेंदबाजों का सामना किया और टीम को जीत की दहलीज पर पहुंचाया। नीतिका 29 रन और तान्या 14 रन बनाकर नॉट आउट रही।

### मेजबान एचएयू के बल्लेबाजों ने किया निराश

एचएयू हिसार व सीएसजेएमयू कानपुर के बीच खेले गए मैच में एचएयू ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। एचएयू का यह फैसला सही साबित भी हुआ। एचएयू के गेंदबाजों ने कानपुर के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि कानपुर की टीम निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 69 रन ही बना सकी। एचएयू की तरफ से रीतू व शिवांगी ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेजबान टीम के बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके और पूरी टीम 49 रन बनाकर आउट हो गई। स्थिति यह रही कि टीम की सात खिलाड़ी बिना खाता खोले ही पैवेलियन लौट गई। कानपुर की तरफ से आराधना ने सबसे ज्यादा छह विकेट लिए। इसके अलावा आकांक्षा ने दो व छाया ने एक विकेट लिया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........पंजाब केसरी........
दिनांक....7. 12. 2019.... पृष्ठ सं....2.... कॉलम....4....

# कानपुर के साथ 20 रन से हार गई एच.ए.यू. की टीम

हिसार, 6 दिसम्बर (ब्यूरो) : हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित नॉर्थ इंटर यूनिवर्सिटी महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को 2 मैच हुए। पहला मैच दिल्ली यूनिवर्सिटी व चौ. चरण सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ के बीच खेला गया, जिसे दिल्ली यूनिवर्सिटी ने 9 विकेट से जीत लिया। मेरठ की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 70 रन बनाए थे। दूसरा मैच एच.ए.यू. व छत्रपति यूनिवर्सिटी कानपुर के बीच हुआ था। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए कानपुर ने 66 रन बनाए। इसके जवाब में एच.ए.यू. की टीम 46 रन ही बना पाई। प्रतियोगिता के आयोजक डा. बलजीत गिरधर ने बताया कि शनिवार को अयोध्या यूनिवर्सिटी व अमृतसर यूनिवर्सिटी के बीच तथा कानपुर यूनिवर्सिटी व चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के बीच मैच खेला जाएगा। शुक्रवार को डा. तरुण सपरा व डीन ऑफ कालेज डा. बिमला ढांडा मुख्यातिथि के रूप में पहुंची।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........सिटी पल्स........
दिनांक 6.12.2019 ...... पृष्ठ सं. ....3....... कॉलम ...1.......

## हकृवि में होंगे अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

सिटी पल्स न्यूज़, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए दूध से बने उत्पादन, सब्जी एवं फल परिरक्षण, बैग और ज्वैलरी बनाना एवं दाल व अनाज का मूल्य संवर्धन पर पाँच दिवसीय प्रशिक्षणों का आयोजन जल्द ही होने जा रहा है। सभी इच्छुक महिलाओं एवं पुरूषों अपना पंजीकरण के लिए एक फोटो, आधार कार्ड एवं जाति प्रमाण पत्र की प्रति लेकर सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान, नजदीक फार्म गेट नं. 3 में सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक नाम दर्ज करवा सकते हैं। ये सभी प्रशिक्षण हकृवि एवं केन्द्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान के द्वारा आयोजित होंगे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम अमर उजाला, दैनिक जागरण
दिनांक 7.12.2019 पृष्ठ सं. 6, 22 कॉलम 5, 1

## हकृवि में होंगे अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

हिसार। चौधरी चरण सिहं हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए दूध से बने उत्पाद, बैग और ज्वेलरी बनाना एवं दाल व अनाज का मूल्य संवर्धन पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सभी इच्छुक महिलाओं एवं पुरुषों अपना पंजीकरण के लिए एक फोटो, आधार कार्ड एवं जाति प्रमाण पत्र की प्रति लेकर सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में नाम दर्ज करवा सकते हैं।

ये सभी प्रशिक्षण हकृवि एवं केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान के द्वारा आयोजित किए जाएंगे। ब्यूरो

## एचएयू में मूल्य संवर्धन पर जल्द लगेंगे प्रशिक्षण शिविर

**हिसार:** चौधरी चरण सिहं हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए दूध से बने उत्पाद, सब्जी एवं फल परीक्षण, बैग और ज्वैलरी बनाना एवं दाल व अनाज का मूल्य संवर्धन पर पांच दिवसीय प्रशिक्षणों का आयोजन जल्द ही होने जा रहा है। (जासं)

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ......नभ छोर......
दिनांक 6.12.2019 पृष्ठ सं. 6 कॉलम 6-8

# विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण हकृवि में शीघ्र

हिसार/06 दिसंबर/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिहं हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए दूध से बने उत्पादन, सब्जी एवं फल परिरक्षण, बैग और ज्वैलरी बनाना एवं दाल व अनाज का मूल्य संवर्धन पर पांच दिवसीय प्रशिक्षणों का आयोजन जल्द ही होने जा रहा है। सभी इच्छुक महिलाओं एवं पुरूषों अपना पंजीकरण हेतु एक फोटो, आधार कार्ड एवं जाति प्रमाण पत्र की प्रति लेकर सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान, नजदीक फार्म गेट नं. 3 में सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक नाम दर्ज करवा सकते हैं। ये सभी प्रशिक्षण हकृवि एवं केन्द्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान के द्वारा आयोजित होंगे।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम.....दैनिक जागरण.....

दिनांक 5.12.2019 पृष्ठ सं. 17 कॉलम 5-6

# देश में कृषि मशीनीकरण अभी भी शुरुआती चरण में : डा. सहरावत

### एचएयू में फार्म इम्प्लीमेंट्स एंड मशीनरी पर एआइसीआरपी की तीन दिवसीय कार्यशाला शुरू

जागरण संवाददाता, हिसार : फार्म इम्प्लीमेंट्स एंड मशीनरी पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना की तीन दिवसीय 34वीं कार्यशाला का शुभांरभ हुआ। इस उपलक्ष्य में मुख्यअतिथि अनुसंधान निदेशक डॉ. एसके सेहरावत रहे। कार्यशाला के विशिष्ट अतिथि, पूर्व अधिष्ठाता, तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, कोयंबटूर के डा. पी दिवाकर दुर्यराज थे। केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान भोपाल के निदेशक डा. पीएस तिवारी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि डा. सहरावत ने कहा कि भारत में कृषि मशीनीकरण अभी भी अपने शुरुआती चरण में है। विभिन्न प्रकार के औजार और मशीनरी जैसे कि लेजर निर्देशित भूमि समतल, रोटावेटर, सीड ड्रिल-प्लांटर्स, राइस ट्रांसप्लांटर्स, स्प्रेयर-डस्टर, रीपर, हार्वेस्टर और थ्रेशर आदि किसानों के प्रयोग में लाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज का समय हाइटेक मशीनरी, ड्रोन, व आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का है। डा. पी दिवाकर दुर्यराज ने कहा कि पूर्णरूप से स्वचालित मशीनों को बनाना जरूरी है। डा. पीएस तिवारी ने फार्म इम्प्लीमेंट्स एंड मशीनरी को चौधरी देवी लाल अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना पुरस्कार - 2018 मिलने पर बधाई दी। डा. आरके झोरड़ ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। इस परियोजना के समन्वयक डा. मुकेश जैन ने सभी अतिथियों को प्रदर्शनी का अवलोकन करवाया। इस कार्यशाला में पराली प्रबंधन में प्रयोग में आने वाली मशीनों से संबंधित पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर उद्योग सत्र का आयोजन भी किया गया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम दैनिक जागरण
दिनांक 6.12.2019 पृष्ठ सं 18 कॉलम 5-7

# दालों, फलों और सब्जियों के लिए बेहतर उपकरण व मशीनरी के विकास की जरूरत

जागरण संवाददाता, हिसारः फार्म इंप्लीमेंट्स एंड मशीनरी (एफआइएम) पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (एआइसीआरपी) की तीन दिवसीय 34वीं कार्यशाला का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। इस उपलक्ष्य में अनुसंधान निदेशक डा. एसके सेहरावत, विशिष्ट अतिथि कोयंबटूर स्थित तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व डीन डा. पी. दिवाकर दुर्यराज रहे। भोपाल स्थित केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान के निदेशक डा. पीएस तिवारी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।



एचएयू में प्रदर्शनी का अवलोकन करते रिसर्च डायरेक्टर डा. एसके सहरावत, तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, कोयम्बटूर के डा. पी. दिवाकर दुर्यराज, केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल, निदेशक डा. पीएस तिवारी आदि। ● एचएयू

डा. सहरावत ने कहा कि भारत में कृषि मशीनीकरण अभी भी अपने शुरुआती चरण में है। विभिन्न प्रकार के औजार और मशीनरी जैसे कि लेजर निर्देशित भूमि समतल, रोटावेटर, सीड ड्रिल, प्लांटर्स, राइस ट्रांसप्लांटर्स, स्प्रेयर, डस्टर, रीपर, हार्वेस्टर और थ्रेशर आदि किसानों के प्रयोग में लाए जा रहे हैं। अब मक्का, कपास, गन्ना, तिलहन, मसालों, दालों, फलों और सब्जियों आदि जैसी फसलों के लिए बेहतर उपकरण और मशीनरी के विकास, अपनाने और लोकप्रिय बनाने पर अधिक जोर देना जरूरी है। डा. पी.एस. तिवारी ने फार्म इंप्लीमेंट्स एंड मशीनरी (एफआइएम) को चौधरी देवी लाल अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना पुरस्कार 2018 मिलने पर बधाई दी। डा. सी.आर. मेहता ने पूर्व कार्य का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।